## प्रतियोगी परीक्षाओं में आए हुए महत्त्वपूर्ण प्रश्न

1. व्यंजन संधि से निर्मित शब्द नहीं है?
(राज हाईकोर्ट लिपिक परीक्षा– 19 मार्च, 2023)
(अ) दिगंबर (ब) उन्नति
(स) वागीश (द) रवीन्द्र (द)

2. संधि से निर्मित सही शब्द नहीं है?
(राज हाईकोर्ट लिपिक परीक्षा– 19 मार्च, 2023)
(अ) प्र + ऊढ़ = प्रोढ़
(ब) चंद्र + उदय = चंद्रोदय
(स) महा + उत्सव = महोत्सव
(द) समुद्र + ऊर्मि = समुद्रोर्मि (अ)

3. 'षण्मुख' का संधि विच्छेद होगा?
(राज हाईकोर्ट लिपिक परीक्षा– 19 मार्च, 2023)
(अ) षट + मुख (ब) षण + मुख
(स) षड् + मुख (द) षट् + मुख (द)

4. संधि से निर्मित सही शब्द है?
(राज हाईकोर्ट लिपिक परीक्षा– 12 मार्च, 2023)
(अ) दीप्त + उपल = दीप्तौपल (ब) अभि + अंतर = अभ्यांतर
(स) अभि + इष्ट = अभिष्ट (द) महा + ऐश्वर्य = महैश्वर्य (द)

5. सही संधि विच्छेद नहीं है?
(राज हाईकोर्ट लिपिक परीक्षा– 12 मार्च, 2023)
(अ) मात्रानंद = मातृ + आनंद (ब) षडानन = षट् + आनन
(स) न्यून = नि + ऊन (द) अन्वित = अन् + इत (द)

6. गुण संधि का उदाहरण है?
(राज हाईकोर्ट लिपिक परीक्षा– 12 मार्च, 2023)
(अ) महोत्सव (ब) महौषधि
(स) अन्वेषण (द) गायन (अ)

7. 'पित्रनुमती' का संधि विच्छेद होगा?
(राज हाईकोर्ट लिपिक परीक्षा– 12 मार्च, 2023)
(अ) पित्र + अनुमति (ब) पितृ + अनुमति
(स) पितर + अनुमति (द) पितः + अनुमति (ब)

8. व्यंजन संधि से संबन्धित शब्द है?
(राज हाईकोर्ट लिपिक परीक्षा– 12 मार्च, 2023)
(अ) पवित्र (ब) स्वागत
(स) महर्षि (द) जगदीश (द)

9. 'मतैक्य' शब्द का सही संधि–विच्छेद है?
(तृतीय श्रेणी शिक्षक परीक्षा– 26 फरवरी, 2023)
(अ) मत + एक्य (ब) म + ऐक्य
(स) मति + एक्य (द) मत + ऐक्य (द)

10. 'देव्यैश्वर्य' का संधि – विच्छेद क्या होगा?
(वरिष्ठ अ. संस्कृत विभाग परीक्षा– 13 फरवरी, 2023)
(अ) देवी + ऐश्वर्य (ब) देवी + एश्वर्य
(स) देव + ऐश्वर्य (द) देव + एश्वर्य (अ)

11. 'सत् + शास्त्र' की संधि होगी ?
(वरिष्ठ अ. संस्कृत विभाग परीक्षा– 13 फरवरी, 2023)
(अ) सतछात्र (ब) सद्शास्त्र
(स) सद्छात्र (द) सच्छास्त्र (द)

12. निम्न में से 'यण स्वर संधि' का उदाहरण है?
(वरिष्ठ अ. संस्कृत विभाग परीक्षा– 13 फरवरी, 2023)
(अ) गवेषणा (ब) पर्यटन
(स) सदैव (द) विस्मरण (ब)

13. निम्न में से किस समूह में सभी व्यंजन संधि से निर्मित हैं?
(वरिष्ठ अ. संस्कृत विभाग परीक्षा– 13 फरवरी, 2023)
(अ) षडानन, उल्लास (ब) अतएव, आच्छादन
(स) कपीश, सदाचार (द) मानवेतर, जगदीश (अ)

14. अयादि स्वर संधि की दृष्टि से असुमेलित विकल्प है?
(सीईटी परीक्षा– 8 जनवरी, 2023)
(अ) विनै + अक = विनायक (ब) विधे + अक = विधायक
(स) गो + एषणा = गवेषणा (द) लो + इत्र = लवित्र (ब)

15. संधि विषयक संगत विकल्प कौन सा है?
(सीईटी परीक्षा– 7 जनवरी, 2023)
(अ) मातृ + उपदेश = मातृपदेश (ब) वधू + उक्ति = वधुक्ति
(स) अभि + आगत = अभयागत (द) वी + इक्षण = वीक्षण (द)

16. निम्न में से किस शब्द का संधि – विच्छेद असंगत है?
(सीईटी परीक्षा– 7 जनवरी, 2023)
(अ) ज्योतिश्चक्र = ज्योति + चक्र
(ब) उद्धरण = उद् + हरण (स) अहर्गण = अहन् + गण
(द) महौजस्वी = महा + ओजस्वी (अ)

17. निम्नलिखित में से गलत संधि विच्छेद है?
(द्वितीय श्रेणी शिक्षक परीक्षा– 22 दिसंबर, 2022)
(अ) जगद्गुरू = जगत + गुरु (ब) वार्तालाप = वार्ता + लाप
(स) पित्रिच्छा = पितृ + इच्छा (द) मतैक्य = मत + ऐक्य (अ)

18. 'वागीश' का संधि विच्छेद क्या होगा?
(व्याख्याता संस्कृत विभाग– 15 नवंबर, 2022)
(अ) वाक + ईश (ब) वाग् + ईश
(स) वाक् + ईश (द) वाक् + ईष (स)

19. निम्न में विसर्ग संधि और व्यंजन संधि के उदाहरण है?
(व्याख्याता परीक्षा– 15 अक्टूबर, 2022)
(अ) कपीस, ऋग्वेद (ब) महेश, उज्ज्वल
(स) नीरोग, सन्मार्ग (द) दुर्गुण, प्रत्येक (स)

20. किस विकल्प के सभी शब्द स्वर संधि के हैं?
(व्याख्याता परीक्षा– 15 अक्टूबर, 2022)
(अ) तदर्थ, उत्थान, उल्लास (ब) उत्तमांग, विद्यार्थी, देवीच्छा
(स) अतएव, निष्ठुर, अतीव (द) विषम, मार्तण्ड, महात्मा (ब)

21. किस विकल्प में शब्द का सही संधि विच्छेद नहीं है?
(व्याख्याता परीक्षा– 15 अक्टूबर, 2022)
(अ) अभिषेक = अभि + शेक (ब) घनुष्टंकार = धनुः + टंकार
(स) सदानंद = सत् + आनंद (द) किंचित = किम् + चित (अ)

22. 'चिन्तन' शब्द का सही संधि विच्छेद है?
(रीट परीक्षा– 24 जुलाई, 2022)
(अ) चित् + तन (ब) चिम् + तन
(स) चिन + तन (द) चिन् + तन (ब)

23. 'संपत्ति' शब्द संधि का उदाहरण है?
(रीट परीक्षा– 24 जुलाई, 2022)
(अ) यण संधि (ब) अयादि संधि
(स) विसर्ग संधि (द) व्यंजन संधि (द)

24. 'अत्याचारी' शब्द में संधि का प्रकार है?
(रीट परीक्षा– 24 जुलाई, 2022)
(अ) गुणसंधि (ब) वृद्धि संधि
(स) यण संधि (द) दीर्घ संधि (स)

25. निम्नलिखित में से किस शब्द में गुणसंधि है?
(रीट परीक्षा– 24 जुलाई, 2022)
(अ) रत्नाकर (ब) नीरस
(स) कठोर (द) महोदधि (द)

26. 'सदैव' का संधि विच्छेद है?
(रीट परीक्षा– 23 जुलाई, 2022)
(अ) सद् + एव (ब) सदा + ऐव
(स) सद् + ऐव (द) सदा + एव (द)

27. परपीड़कोन्मुख शब्द का सही संधि विच्छेद है?
(रीट परीक्षा– 23 जुलाई, 2022)
(अ) परपीड़ाक + उन्मुख (ब) परपीड़ा + ऊन्मुख
(स) परपीड़क + उन्मुख (द) परपीड़क + ऊन्मुख (स)

28. 'निहितार्थ' शब्द में संधि है? (रीट परीक्षा–2022)
(अ) यण संधि (ब) दीर्घ संधि
(स) गुण संधि (द) वृद्धि संधि (ब)

29. 'पवित्र' शब्द का सही संधि विच्छेद होगा?
(रीट परीक्षा– 23 जुलाई, 2022)
(अ) पव + त्र (ब) प + इत्र
(स) पौ + इत्र (द) पो + इत्र (द)

30. संधि की दृष्टि से कौनसा युग्म सही नहीं है?
(ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा– 9 जुलाई, 2022)
(अ) तल्लीन – व्यंजन संधि (ब) मात्रिच्छा – यण् स्वर संधि
(स) मनश्चिकित्सा – विसर्ग संधि
(द) स्वागत – दीर्घ स्वर संधि (द)

☛ व्याख्या– सु + आगत = स्वागत (यण् स्वर संधि)

31. निम्न में से कौनसा यण स्वर संधि का उदाहरण नहीं है?
(ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा– 9 जुलाई, 2022)
(अ) न्यून (ब) अन्वय (स) पित्रादेश (द) स्वांग (द)

☛ व्याख्या– स्व + अंग = स्वांग (दीर्घ स्वर संधि)

32. 'समुद्रोर्मि' का सही संधि विच्छेद क्या है?
(ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा– 9 जुलाई, 2022)
(अ) समुद्रः + उर्मि (ब) समुद्र + ऊर्मि
(स) समुद्र + ओर्मि (द) समुद्र + उर्मि (ब)

33. विसर्ग संधि से निर्मित शब्द समूह नहीं है?
(ग्राम विकास अधिकारी परीक्षा– 9 जुलाई, 2022)
(अ) शिरोभाग, वयोवेग, तेजोबल
(ब) अवश्यभावी, आबालवृद्ध, मनोनुसार
(स) यशोधरा, पुनरुक्ति, अतएव
(द) श्रेयस्कर, चंद्रस्तम, पुनः प्राप्ति (ब)

34. कौन–सा विकल्प असंगत है?
(हाउस कीपर परीक्षा– 9 जुलाई, 2022)
(अ) कक्र + अंधु = कक्रन्धु (ब) मनस् + ईषा = मनीषा
(स) पतत् + अंजलि = पतंजलि (द) नदी + अंबु = नद्याम्बू (द)

35. निम्न में से कौनसा शब्द विसर्ग संधि का उदाहरण है
(हाउस कीपर परीक्षा–9 जुलाई, 2022)
(अ) यशोवर्मन (ब) दुराशा
(स) दोनों (द) दोनों ही नहीं (स)

36. निम्न में किस शब्द का संधि विच्छेद सही है?
(सहायक जन संपक्र अधिकारी– 24 अप्रैल, 2022)
(अ) उन् + माद (ब) वि + आयाम
(स) सन् + सार (द) निर + गुण (ब)

37. कौन – सा शब्द स्वर संधि का उदाहरण है?
(हाई कोर्ट क्लक्र परीक्षा– 13 मार्च, 2022)
(अ) पवित्र (ब) नीरस
(स) पुरस्कार (द) अंततोगत्वा (अ)

☛ व्याख्या– पो + इत्र = पवित्र (अयादि स्वर संधि)

38. यण् स्वर संधि से निर्मित शब्द नहीं है?
(हाई कोर्ट लिपिक– 13 मार्च, 2022)
(अ) स्वाधीन (ब) स्वागत (स) स्वस्तिक (द) स्वल्प (अ)

39. 'स्त्री + उपयोगी' की संधि है?
(हाई कोर्ट लिपिक– 13 मार्च, 2022)
(अ) स्त्र्युपयोगी (ब) स्त्रीपयोगी
(स) स्त्रियोपयोगी (द) स्त्रुपयोगी (अ)

40. 'व्युत्पत्ति' का संधि विग्रह होगा?
(एस आई मोटर वाहन– 12 फरवरी, 2022)
(अ) व्यु + पति (ब) वि + उत्पत्ति
(स) ब्यू + ति (द) विः + तप्ति (ब)

41. 'महाशय' किस संधि का उदाहरण है?
(एस आई मोटर वाहन– 12 फरवरी, 2022)
(अ) गुण संधि (ब) यण् संधि
(स) वृद्धि संधि (द) दीर्घ संधि (द)

42. सही संधि विच्छेद है?
(एस आई मोटर वाहन– 12 फरवरी, 2022)
(अ) देव + इस (ब) इति + आदि
(स) एक + ऐक (द) कल्प + आंत (ब)

43. 'घोड़ा + सवार' की संधि क्या है?
(एस आई मोटर वाहन– 12 फरवरी, 2022)
(अ) घुड़सवार (ब) घोड़ासवार
(स) घुड़ासवार (द) घोड़ेसवार (अ)

44. निम्न में से किस शब्द का संधि विच्छेद सही नहीं है?
(पटवारी परीक्षा– 24 अक्टूबर, 2021)
(अ) गुरूपदेश = गुरु + उपदेश (ब) सप्तर्षि = सप्त + ऋषि
(स) अत्यावश्यक = अती + आवश्यक
(द) षडानन = षट् + आनन (स)

☛ व्याख्या:– अति + आवश्यक = अत्यावश्यक (यण् स्वर संधि)

45. निम्न में से किस शब्द का संधि विच्छेद सही है?
(पटवारी परीक्षा– 23 अक्टूबर, 2021)
(अ) रीत्यानुसार = रीत + अनुसार (ब) वृहटिट्टिभ = वृहः + टिट्टभ
(स) यशोभिलाषी = यशः + अभिलाष
(द) महैश्वर्य = महा + ऐश्वर्य (द)

46. निम्न में से किस शब्द का संधि विच्छेद सही नहीं है?
(पटवारी परीक्षा– 23 अक्टूबर, 2021)
(अ) युधिष्ठिर = युद्ध + इष्ठिर (ब) रामायण = राम + अयन
(स) नमस्ते = नमः + ते
(द) सचिवालय = सचिव + आलय (अ)

☛ व्याख्या– युधिष्ठिर = युधि + स्थिर (व्यजंन संधि)

47. 'अभीष्ट' का सही संधि विच्छेद है?
(राज. एसआई परीक्षा– 15 सितंबर, 2021)
(अ) अभि + इष्ट (ब) अभि + ईष्ट
(स) अभी + इष्ट (द) अभी + ईष्ट (अ)

48. किस शब्द की संधि सही नहीं है?
(राज. एसआई परीक्षा– 15 सितंबर, 2021)
(अ) सत् + मति = सन्मति (ब) षट् + वदन = षडवदन
(स) तृष् + ना = तृष्णा (द) स्व + छंद = स्वच्छंद (ब)

49. संधि विच्छेद की दृष्टि से कौनसा विकल्प सही नहीं है?
(राज. एसआई परीक्षा– 15 सितंबर, 2021)
(अ) मतैक्य = मत + ऐक्य (ब) ऊहापोह = ऊह + अपोह
(स) अन्वीक्षण = अनु + ईक्षण
(द) विवादास्पद = विवाद + अस्पद (द)

☛ व्याख्या– विवाद + आस्पद = विवादास्पद।

50. निम्नलिखित में गलत संधि विच्छेद है
(राज. एसआई परीक्षा– 15 सितंबर, 2021)
(अ) निषेध = नि + सेध (ब) पद्धति = पद् + हति
(स) जगदीश = जगत + ईश (द) प्रतिष्ठा = प्रति + स्था (स)

51. किस शब्द का संधि विच्छेद सही है?
(राज. एसआई परीक्षा– 15 सितंबर, 2021)
(अ) सदाचार = सदा + आचार (ब) पित्राज्ञा = पित्र + आज्ञा
(स) स्वल्प = स्व + अल्प (द) चिदाभास = चित् + आभास
(द)

52. किस शब्द की संधि सही है?
(राज. एसआई परीक्षा– 15 सितंबर, 2021)
(अ) गुरु + उपदेश = गुरुपदेश (ब) उपरि + उक्त = उपरोक्त
(स) मही + इंद्र = महींद्र (द) मातृ+ इच्छा = मातृच्छा (स)

53. इनमें से कौनसा संधि शब्द सही नहीं है?
(राज. एसआई परीक्षा– 14 सितंबर, 2021)
(अ) वात + अयन = वातायन (ब) दक्षिण + अयन = दक्षिणायन
(स) उत्तर + अयन = उत्तरायन
(द) कृष्ण + अयन = कृष्णायन (स)

54. 'उच्छिष्ट' शब्द का संधि विच्छेद है?
(राज. एसआई परीक्षा– 14 सितंबर, 2021)
(व्याख्याता भर्ती परीक्षा– 3 जनवरी, 2020)
(अ) उद + शिष्ट (ब) उत् + शिष्ट
(स) उतः + इष्ट (द) उत + शिष्ट (ब)

55. निम्नलिखित में से में सही संधि विच्छेद है?
(राज. एसआई परीक्षा– 14 सितंबर, 2021)
(अ) अन्वेषण = अनु + इषण (ब) अत्युत्तम = अति + उतम
(स) अन्वय = अनु + वय (द) अम्बूर्मि = अम्बु + ऊर्मि (द)

56. इनमें से कौनसा संधि शब्द सही है?
(राज. एसआई परीक्षा– 14 सितंबर, 2021)
(अ) नदी + अर्पण = नद्यार्पण (ब) सत् + नारी = सन्नारी
(स) त्रि + अंबक = त्रयंबक (द) प्रति + ईक्षा = प्रतिक्षा (ब)

57. इनमें से किस विकल्प में गलत संधि है?
(राज. एसआई परीक्षा– 14 सितंबर, 2021)
(अ) मधु + आलय = मध्वालय (ब) अति + ऊष्म = अत्यूष्म
(स) गुरु + औदार्य = गुर्वोदार्य
(द) पितृ + आदेश = पित्रादेश (स)

58. इनमें से किस शब्द का सन्धि विच्छेद सही नहीं है?
(राज. एसआई परीक्षा– 14 सितंबर, 2021)
(अ) वयोवृद्ध = वयः+ वृद्ध
(ब) अंततोगत्वा = अन्ततः + गत्वा
(स) पुनरुक्ति = पुनः + उक्ति (द) निरीक्षण = निः + ईक्षण (द)

59. निम्नलिखित में से किस शब्द की संधि सही है?
(राज. एसआई परीक्षा– 13 सितंबर, 2021)
(अ) स्त्री + उचित = स्त्रीयोचित
(ब) गति + अवरोध = गत्यावरोध
(स) शीत + ऋतु = शीतर्तु (द) राम + ईश = रमेश (स)

60. इनमें से कौनसा संधि शब्द गलत है?
(राज. एसआई परीक्षा– 13 सितंबर, 2021)
(अ) सत् + जन = सज्जन (ब) चित् + मय = चिन्मय
(स) सत् + गति = सद्गति (द) सत् + मार्ग = सद्मार्ग (द)

61. इनमें से कौनसा संधि– शब्द सही नहीं है?
(राज. एसआई परीक्षा– 13 सितंबर, 2021)
(अ) रवि + इन्द्र = रविन्द्र (ब) तथा + एव = तथैव
(स) निः + रोग = नीरोग (द) मनः + ताप = मनस्ताप (अ)

62. किस शब्द का संधि विच्छेद सही नहीं है?
(राज. एसआई परीक्षा– 13 सितंबर, 2021)
(अ) सच्छास्त्र = सत् + शास्त्र
(ब) आद्योपांत = आदि + उपांत
(स) परिणत = परि + नत
(द) अनुष्ठान=अनु + स्थान (ब)

63. किस शब्द की संधि सही नहीं है?
(राज. एसआई परीक्षा– 13 सितंबर, 2021)
(अ) तत् + उपरांत = तदोपरांत (ब) षट् + आनन = षडानन
(स) वाक् + ईश = वागीश (द) सत् + चरित्र = सच्चरित्र
(अ)

64. निम्नलिखित में से कौनसा शब्द संधि रहित है?
(राज. एसआई परीक्षा– 13 सितंबर, 2021)
(अ) अनुच्छेद (ब) परिणाम
(स) तल्लीन (द) फलस्वरूप (द)

65. निम्न में से कौनसा संधि विच्छेद 'स्वर संधि' का उदाहरण नहीं है? (स्टेनोग्राफर परीक्षा– 21 मार्च, 2021)
(अ) विद्या + आलय (ब) वार्ता + आलय
(स) रजनी + ईश (द) जगत + नाथ (द)

66. 'पुनः + जन्म' की संधि है? (स्टेनोग्राफर परीक्षा–2021)
(अ) पुनः जन्म (ब) पूनर्जन्म
(स) पुनर्जन्म (द) पूनः जन्म (स)

67. वीरांगना शब्द का संधि विच्छेद है?
(स्टेनोग्राफर परीक्षा– 21 मार्च, 2021)
(अ) वीरांग + ना (ब) वीरा + अंगना
(स) वीर + अंगना (द) वीरां + गना (स)

68. 'मम + ऐश्वर्य' की संधि है? (स्टेनोग्राफर परीक्षा–2021)
(अ) ममाश्वर (ब) ममैश्वर्य
(स) ममेश्वर (द) मेमेश्वर्य (ब)

69. निम्न में से वृद्धि संधि का उदाहरण नहीं है?
(व्याख्याता भर्ती परीक्षा– 3 जनवरी, 2020)
(अ) महौत्सुक्य (ब) पवित्र
(स) लोकैषणा (द) महैश्वर (ब)

70. 'लोकैषणा' शब्द में कौनसी स्वर संधि है?
(वरिष्ठ अध्यापक विशेष शिक्षा– 4 जुलाई, 2019)
(क) दीर्घ (ख) वृद्धि
(ग) अयादि (घ) गुण (ब)

71. इनमें से किस विकल्प में सही संधि नहीं हुई है?
(वरिष्ठ अध्यापक विशेष शिक्षा– 4 जुलाई, 2019)
(अ) कवि + ईश्वर = कवीश्वर (ब) समुद्र + ऊर्मि = समुद्रोर्मि
(स) मनु + अन्तर =मन्वंतर (द) पितृ + अनुमति = पित्रानुमति
(द)

72. इनमें से संधि की दृष्टि से कौनसा विकल्प गलत है?
(वरिष्ठ अध्यापक विशेष शिक्षा– 4 जुलाई 2019)
(अ) सत् + चित् + आनन्द = सच्चिदानन्द
(ब) देवी + अर्पण = देव्यर्पण (स) भू + ऊर्ध्व = भूर्ध्व
(द) वाक् + मय = वाङ्गमय (द)

73. इनमें से कौनसा संधि शब्द सही है?
(वरिष्ठ अध्यापक संस्कृत शिक्षा– 20 फरवरी, 2019)
(अ) कवि + इन्द्र = कविन्द्र (ब) राम + ईश = रमेश
(स) उत् + श्वसित = उच्छवसित
(द) दिक् + नाग = दिङ्नाग (द)

74. व्याकरण में संधि का क्या अर्थ है?
(क्लर्क भर्ती परीक्षा– 2018)
(अ) दो शब्दों का मेल (ब) दो पदों का मेल
(स) वर्ण तथा शब्द का मेल (द) दो वर्णों के मेल को (द)

75. स्वर, व्यंजन विसर्ग किसके प्रकार हैं?
(आर जे एस परीक्षा– 2018)
(अ) समास (ब) प्रत्यय
(स) क्रिया विशेषण (द) संधि (द)

76. 'पुनर्जन्म' में कौनसी संधि है? (क्लर्क भर्ती परीक्षा–2018)
(अ) विसर्ग संधि (ब) व्यंजन संधि
(स) वृद्धि संधि (द) दीर्घ संधि (अ)

77. 'अन्वेषण' शब्द में कौनसी संधि है?
(क्लर्क भर्ती परीक्षा– 2018)
(अ) विसर्ग संधि (ब) व्यंजन संधि
(स) यण संधि (द) दीर्घ संधि (स)

78. इनमें से गुण संधि विच्छेद का उदाहरण है?
(क्लर्क भर्ती परीक्षा– 2018)
(अ) तथैव = तथा + ऐव (ब) महर्षि = महा + ऋषि
(स) स्वच्छ = स्व + च्छ (द) अन्वेषण = अनु +ऐषण
(ब)

79. 'राजर्षि' में कौनसी संधि है? (क्लर्क भर्ती परीक्षा–2018)
(अ) गुण संधि (ब) यण् संधि
(स) वृद्धि संधि (द) दीर्घ संधि (अ)

80. इनमें से किस विकल्प में सही संधि नहीं है?
(वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा– 1 नवंबर, 2018)
(अ) नव + ऊढा = नवोढ़ा (ब) षट् + आनन = षडानन
(स) योगी + ईश = योगेश (द) वर्षा + ऋतु = वर्षर्तु
(स)

81. इनमें से कौनसा संधि शब्द गलत है?
(वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा– 1 नवंबर, 2018)
(अ) सत् + शिव– सच्छिव (ब) पितृ + उपदेश– पित्रुपदेश
(स) सत् + धर्म– सद्धर्म (द) सत् + मार्ग– सद्मार्ग (द)

82. 'सत्याग्रह' में कौनसी संधि है? (रीट लेवल– 1, 2017)
(अ) व्यंजन संधि (ब) दीर्घ स्वर संधि
(स) यण् स्वर संधि (द) विसर्ग संधि (ब)

83. 'तिरस्कार' शब्द में कौनसी संधि प्रयुक्त हुई है?
(रीट लेवल– 2, 2017)
(अ) व्यंजन संधि (ब) विसर्ग संधि
(स) यण् संधि (द) गुण संधि (ब)

84. 'वागीश' शब्द का संधि विच्छेद है?
(वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा– 2016)
(अ) वाग् + ईश (ब) वाक् + ईश
(स) वाग + ईश (द) वागी + ईश (ब)

85. षट् + आनन की संधि होगी? (पटवारी परीक्षा–2016)
(अ) षदानन (ब) षडान्त
(स) षडानन (द) षड़ानन (स)

86\. 'रसोत्पति' शब्द संधि से बना है जिसका निर्माण किन वर्णों से हुआ है? (आर जे एस परीक्षा– 2015)
(अ) ओ + उ (ब) अ + उ
(स) आ + उ (द) आ + ऊ (ब)

87\. 'मात्रनुमति' शब्द में कौनसी संधि है? (वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा– 2015)
(अ) गुण संधि (ब) यण संधि
(स) अयादि संधि (द) वृद्धि संधि (ब)

88\. 'पुरोधा' शब्द में संधि है? (रीट लेवल– 1, 2015)
(अ) गुण (ब) व्यंजन (स) यण् (द) विसर्ग (द)

89\. इनमें से कौनसा शब्द संधि का उदाहरण नहीं है? (रीट लेवल– 2, 2015)
(अ) संसार (ब) अत्यंत
(स) सदाचार (द) सामाजिक (द)

90\. 'उच्छिष्ट' शब्द का सही संधि विच्छेद होगा? (कॉलेज प्रोफेसर– 2014)
(अ) उत् + शिष्ट (ब) उत + चिष्ट
(स) उद् + चिष्ट (द) उद + शिष्ट (अ)

91\. निम्नलिखित में व्यंजन संधि का उदाहरण नहीं है? (कॉलेज प्रोफेसर– 2014)
(अ) वाङ्मय (ब) उच्छृंखल (स) सृष्टि (द) पुरस्कार (द)

92\. इनमें से कौन – सा संधि विच्छेद सही नहीं है? (व्याख्याता परीक्षा– 2014)
(अ) सुरेश– सुर + ईश (ब) रमेश– राम + ईश
(स) महेश– महा + ईश (द) नागेश– नाग + ईश (ब)

93\. इनमें से कौन – सा संधि शब्द सही है? (व्याख्याता परीक्षा– 2014)
(अ) ग्रीष्म + ऋतु = ग्रीष्मर्तु (ब) सत् + नारी = सद्नारी
(स) पितृ + उपदेश = पित्रोपदेश (द) एक + एक = एकेक (अ)

94\. 'निर्लेप' शब्द का सही संधि विच्छेद होगा? (व्याख्याता परीक्षा– 2014)
(अ) निर + लेप (ब) निः + लेप
(स) निर + अलेप (द) निः + र्लेप (ब)

95\. अ + इ = ए स्वर संधि के किस भेद के व्यक्त करता है? (राज.एस आई परीक्षा– 2014)
(अ) दीर्घसंधि (ब) गुण संधि
(स) वृद्धि संधि (द) यण् संधि (ब)

96\. 'राकेश' का सही संधि विच्छेद होगा? (राज. एस आई परीक्षा– 2014)
(अ) राके + ईश (ब) राक + एश
(स) राका + ईश (द) राका + इश (स)

97\. 'भानूदय' में प्रयुक्त संधि है? (राज. S.I. परीक्षा– 2014)
(अ) गुण संधि (ब) दीर्घ संधि
(स) व्यंजन संधि (द) वृद्धि संधि (ब)

98\. 'अति + आचार' का संधि विच्छेद है? (राज.एस आई परीक्षा– 2014)
(अ) अतिचार (ब) अत्याचार
(स) अत्यचार (द) उपर्युक्त सभी (ब)

99\. 'प्रत्युत्तर' का सही संधि विच्छेद हैं? (राज.एस आई परीक्षा– 2014)
(अ) प्र + त्युत्तर (ब) प्रति + उत्तर
(स) प्रत + उत्तर (द) प्रत्यु + उत्तर (ब)

100\. व्यर्थ शब्द में किन वर्णों की संधि हुई है? (तृतीय श्रेणी शिक्षक परीक्षा– 2013)
(अ) ई + अ (ब) इ + उ
(स) इ + ए (द) इ + अ (द)

101\. 'चंद्रोदय' में कौनसी संधि है? (तृतीय श्रेणी शिक्षक परीक्षा– 2013)
(अ) गुण संधि (ब) यण् संधि
(स) वृद्धि संधि (द) दीर्घ संधि (अ)

102\. दो स्वरों या दो व्यंजनों के मेल को क्या कहते हैं? (तृतीय श्रेणी शिक्षक परीक्षा– 2013)
(अ) समास (ब) प्रत्यय
(स) क्रिया विशेषण (द) संधि (द)

103\. स्वर संधि के कितने भेद होते हैं? (तृतीय श्रेणी शिक्षक परीक्षा– 2013)
(अ) दो (ब) पाँच (स) सात (द) चार (ब)

104\. 'व्यवस्था' में संधि है? (रीट लेवल– 2, 2012)
(अ) यण् (ब) दीर्घ (स) वृद्धि (द) गुण (अ)

105\. 'उपार्जन' में संधि है? (रीट लेवल– 1, 2012)
(अ) यण् (ब) गुण (स) दीर्घ (द) वृद्धि (स)

106\. 'पुनर्जन्म' का संधि विच्छेद है? (तृतीय श्रेणी शिक्षक– 2012)
(अ) पुर्न + जन्म (ब) पुनः + जन्म
(स) पुनः + अजन्म (द) पुन + जन्म (ब)

107\. 'सप्तर्षि' का संधि विच्छेद होगा? (तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती– 2012)
(अ) सप्तः + ऋषि (ब) सप्तरः + ऋषि
(स) सप्त + ऋषि (द) सात + ऋषि (स)

108\. अयादि संधि में 'ऐ' के बदले क्या हो जाता है? (पटवारी परीक्षा– 2011)
(अ) आय् (ब) अय (स) अव (द) आव (अ)

109\. 'उच्छिष्ट' का संधि विच्छेद है? (राज. S.I. परीक्षा–2011)
(अ) उच् + छिष्ट (ब) उत् + छिष्ट
(स) उत् + शिष्ट (द) उच् + शिष्ट (स)

110\. 'सच्चिदानंद' का संधि विच्छेद क्या होगा? (राज.एस आई परीक्षा– 2011)
(अ) सत् + चित् + आनंद (ब) सच्चिद् + आनंद
(स) सच्चि + दानंद (द) सत् + चिद् +आनंद (अ)

111\. पवन' शब्द का संधि विच्छेद होगा? (रीट लेवल– 1, 2011)
(अ) प + वन (ब) पव + अन
(स) पो + अन (द) पव + न (स)